जागरण सिटी

दैनिक जागरण

# हिसार

www.jagran.com



पदक विजेता किरण का किया स्वागत 19

भाजपा राज में घर-घर मिल रहे हैं गैस सिलेंडर 17



## ॥ प्रणाम ॥

**प्रतियोगिता**
- डाबड़ा चौक स्थित श्री कृष्णा स्पोर्ट्स शूटिंग एकेडमी में शूटिंग प्रतियोगिता सुबह 10 बजे

**कार्यक्रम**
- लघु सचिवालय में हरियाणा सिविल सर्विस-डे मनाया जाएगा सुबह 11 बजे

**कथा**
- सेक्टर-14 स्थित बुधला संत मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा शाम 3

**शिविर**
- नगर निगम परिसर में सफाई कर्मियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर सुबह 10 बजे

**पेट्रो मीटर (₹)**

| | |
|---|---|
| पेट्रोल | 74.94 |
| डीजल | 66.50 |

**आज का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 37.4 डिग्री सेल्सियस |
| न्यूनतम | 22.5 डिग्री सेल्सियस |

**अनाज मंडी के भाव**

| | |
|---|---|
| गेहूं | 1735 |
| नरमा | 4950 |
| सरसों | 3400 से 3550 |
| सरसों तेल | 7500 |
| बाजरा | 1200 |
| ग्वार | 3900 से 4000 |
| मूंग | 4600 से 4800 |
| चना | 3550 |

सभी भाव रुपये प्रति क्विंटल में हैं।

# 3 करोड़ की लागत से बनने वाले रेलवे फुट ओवरब्रिज का काम शुरू

संवाद सहयोगी, हिसार : रेलवे स्टेशन पर तीन करोड़ की लागत से बनने वाले फुट ओवरब्रिज का काम शुरू हो चुका है। हिसार लॉबी के पास बनाए जाने वाला ओवरब्रिज चार महीने में बनकर तैयार कर दिया जाएगा। उसके बाद ही महाराजा गंगासिंह के समय का बना एतिहासिक फुटओवर ब्रिज को तोड़ने का काम शुरू होगा। इस फुट ओवरब्रिज की 75 मीटर लंबाई और 3 मीटर चौड़ाई होगी। वहीं रेलवे फुट ओवरब्रिज के लिए बृहस्पतिवार को निशानदेही कर शुक्रवार से काम शुरू कर दिया गया, ताकि जल्द से जल्द यात्रियों को सुविधाएं मिले।

बता दें कि महाराजा गंगासिंह के समय का बना एतिहासिक फुट ओवरब्रिज करीब 100 साल पुराना है। यह फुट ओवरब्रिज काफी नीचा और पुराना हो चुका है। उधर रेलवे स्टेशन पर विद्युतीकरण का काम भी पूरा हो चुका है। ऐसे में फुट ओवरब्रिज के नीचे से गुजरी हुई हाई वोल्टेज की तारें भी बिल्कुल पास है। वहीं कुछ महीने पहले विंडो ट्राइलिंग इंस्पेक्शन के लिए हिसार पहुंचे उत्तर-पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक गिरिश पिल्लई ने बीकानेर मंडल के अधिकारियों को पुराने ब्रिज को तोड़कर नया बनाने के काम को तेजी से पूरा करने के आदेश दिए थे।



रेलवे स्टेशन पर नए फुट ओवरब्रिज का काम शुरू।

### फुट ओवरब्रिज से महाराजा गंगासिंह की गुजरती थी बग्गी

रेलवे का फुटओवर ब्रिज करीब 100 साल पुराना है। यह महाराजा गंगासिंह के समय का है। एक समय था जब महाराजा गंगासिंह की बुग्गी इस ओवरब्रिज से होकर गुजरती थी। महाराजा गंगासिंह ने ही इस ओवरब्रिज का निर्माण कराया था। जिसे अब नया फुट ओवरब्रिज बनने के बाद तोड़ा जाएगा।

### दूरी के चलते नए फुट ओवरब्रिज का नहीं हो रहा प्रयोग

वहीं रेलवे स्टेशन पर एक ओर फुट ओवरब्रिज बना हुआ है। यह ओवरब्रिज प्लेटफॉर्म से काफी दूर पड़ता है। ऐसे में फिलहाल इस ओवरब्रिज का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। पुराना फुट ओवरब्रिज बनने के बाद इस ओवरब्रिज का इस्तेमाल होना शुरू हो जाएगा। वहीं रामपाल की पेशी के चलते इस फुट ओवरब्रिज पर समर्थक बैठे मिलते है।

> यह फुट ओवरब्रिज काफी सालों पुराना है। नया फुट ओवरब्रिज बनने का काम शुरू किया जा चुका है। जल्द से जल्द यात्रियों को सुविधाएं मिलेगी।
>
> **- महेंद्रपाल चुघ,** स्टेशन अधीक्षक, हिसार

> नया फुट ओवरब्रिज चार महीने में बनकर तैयार हो जाएगा। उसके बाद पुराने फुट ओवरब्रिज को तोड़ा जाएगा, ताकि यात्रियों को कोई परेशानी न हो।
>
> **कृष्ण सिंह,** सीनियर सेक्टर इंजीनियर, सिरसा।




रेलवे स्टेशन का कंडम फुट ओवरब्रिज, जिसे अब गिराया जाएगा।

# नागरिक अस्पताल में दुष्कर्म पीड़िता के पिता को रेडियोलॉजिस्ट बोला, अल्ट्रासाउंड करवाना है तो बच्ची को ले जाओ अग्रोहा



**एक और गुड़िया कांड**

जागरण संवाददाता, हिसार : नारनौंद के एक गांव में बुधवार देर रात आठ वर्षीय बच्ची से हुई दरिंदगी के बाद प्रशासन के स्तर पर भी दुष्कर्म पीड़ित मासूम के इलाज में लापरवाही से लेकर उसके परिजनों के उपहास का सिलसिला जारी है। धरती पर भगवान का दर्जा प्राप्त चिकित्सक ही मानवीयता को भूल रहे हैं। बुधवार को दुष्कर्म के बाद रात के समय नारनौंद के अस्पताल में डाक्टर द्वारा बच्ची को हल्की-फुल्की दवाएं देकर अगले दिन सुबह आने के लिए कहने का मामला सामने आया था। जिसके बाद मासूम रातभर दर्द से कराहती रही थी।

गुरुवार देर रात नारनौंद के नागरिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची की हालत में सुधार न होता देख उसे हिसार के नागरिक अस्पताल में रेफर किया गया था। लेकिन उसके साथ यहां भी वैसा ही सुलूक किया गया। जब महिला पुलिस की निगरानी में चिकित्सकों के कहे अनुसार बच्ची के पिता उसका अल्ट्रासाउंड करवाने पहुंचे तो अल्ट्रासाउंड करने वाले रेडियोलॉजिस्ट ने अल्ट्रासाउंड करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि अल्ट्रासाउंड करवाना है तो बच्ची को अग्रोहा मेडिकल कालेज ले जाओ। इस पर बच्ची के पिता बिफर गए और उन्होंने कहा कि बच्ची का अल्ट्रासाउंड यहीं करवाएंगे, उसे अग्रोहा नहीं लेकर जाएंगे। बच्ची की निगरानी में तैनात महिला पुलिस कर्मी पुष्पा गोदारा ने अस्पताल के आलाधिकारियों से फोन पर बात की, जिसके बाद रेडियोलॉजिस्ट ने बच्ची का अल्ट्रासाउंड किया। वहीं, यहां नागरिक अस्पताल की महिला चिकित्सकों और मनोचिकित्सकों की देखरेख के बाद बच्ची की हालत में सुधार आया है। 36 घंटे के बाद बच्ची की हालत सुधरी है और उसने ब्रेड व चाय ली।

अब सवाल उठता है कि नागरिक अस्पताल में अगर नाजुक हालत में बच्ची के अल्ट्रासाउंड को लेकर इस तरह लापरवाही अपनाई जाती है तो आम मरीजों का कैसा हाल होता होगा। इसी कार्यप्रणाली के कारण निजी अस्पतालों में मरीजों को लेकर रेफरल सिस्टम देखने को मिलता है। वहीं चिकित्सकों ने बताया कि बच्ची का अल्ट्रासाउंड करवाया गया है और उसकी हालत पहले से बेहतर है, लेकिन वह अभी डरी हुई है और बोलने से डर रही है।

- संबंधित खबर पेज 16 पर भी।

## 36 घंटे बाद भी किसी से बात नहीं कर रही सहमी मासूम



हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन ज्योति बैंदा समेत कई सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने नागरिक अस्पताल पहुंचकर पीड़िता का हाल जाना।

### किसी भी सूरत में नहीं बख्शे जाएंगे दोषी : ज्योति बैंदा

जासं, हिसार : रियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन ज्योति बैंदा ने शुक्रवार को नागरिक अस्पताल का दौरा किया। पीड़िता बच्ची व उनके परिजनों से बातचीत कर हाल चाल जाना। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी कीमत पर दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अस्पताल प्रशासन को उन्होंने आगामी कार्रवाई को लेकर आदेश दिए। इसके बाद चेयरपर्सन ने राजगढ़ रोड़ स्थित बोस्टर्ल जेल का दौरा कर महिला बंदियों व बच्चों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने महिला बंदियों से उनके खान-पान, स्वास्थ्य, मनोरंजन व स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रमों बारे जानकारी ली। जेल में महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र की जानकारी के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य, पढ़ाई लिखाई की सुविधा, पौष्टिक आहार आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

### काउंसिलिंग कर रहे विशेषज्ञ

साइकोलॉजिस्ट बच्ची व उनके परिजनों की लगातार काउंसिलिंग कर रहे हैं, जिससे वह इस सदमे से बाहर आ सके। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन ज्योति बैंदा नागरिक अस्पताल पहुंची। ज्योति बैंदा ने बच्ची के परिजनों से बातचीत की और बच्ची का हाल जाना। उन्होंने सीएमओ को आदेश दिए कि दो महिला अटेंडेंट हर समय बच्ची के पास रहेगी और एक महिला चिकित्सक की निगरानी में बच्ची का इलाज किया जाएगा। बच्ची व उसके परिजनों की हर रोज एक या दो बार काउंसिलिंग की जाएगी, जिससे वह इस सदमे से बाहर आ सके और घटना संबंध में सही तरह से जानकारी दे सके। प्रतिदिन होने वाली काउंसिलिंग की रिपोर्ट मुझे भेजी जाएगी। जिसके आधार पर कमीशन को रिपोर्ट सौंपी जा सके।

### चिकित्सक की लापरवाही बर्दाशत योग्य नहीं है, कार्रवाई की जाएगी

बैंदा ने कहा कि बच्ची के परिजनों से उपचार में लापरवाही बरतने वाले चिकित्सक के संबंध में बातचीत की गई थी। वह उस संबंध में सही तरह से कुछ बता नहीं पाए। उपचार में लापरवाही बरतने वाला पुरुष चिकित्सक था या महिला चिकित्सक या कोई महिला नर्स थी। इस संबंध में जानकारी नहीं मिल पाई है। बावजूद इसके नारनौंद नागरिक अस्पताल में मामले पर उचित कार्रवाई न करने वाले अधिकारियों व चिकित्सकों के खिलाफ भी तुरंत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के संवेदनशील मुद्दों पर प्रशासन की संवेदनहीनता किसी भी स्तर पर बर्दाशत नहीं की जाएगी और आयोग इसके लिए बेहद सख्त रवैया अपनाए हुए है। जिस भी चिकित्सक ने मौके पर पीड़िता की जांच करने में लापरवाही बरती है, उसके खिलाफ विभाग तुरंत अपनी रिपोर्ट आयोग के सामने प्रस्तुत करे। किसी भी प्रकार की उल्लंघना को आयोग बर्दाशत नहीं करेगा।

**मामले की सभी ने की निंदा**

> सतरोल खाप की महिला अध्यक्ष सुदेश चौधरी ने दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग की है। साथ ही खाप नेता ने पुलिस प्रशासन पर भी सवाल उठाए जो लगातार हो रही घटनाओं पर अंकुश लगाने में नाकामयाब रहा है। सुदेश चौधरी ने कहा कि ऐसी घटनाएं समाज के लिए शर्म का विषय हैं। बच्ची का उपचार न करने वाले चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाकर दुष्कर्म के आरोपित को तुरंत फांसी दी जानी चाहिए।
>
> **सुदेश चौधरी,** सतराल खाप नेता

### पीड़ित परिवार को हर संभव मदद मिलेगी

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी विमुक्त घुमंतू अर्ध घुमंतू प्रकोष्ठ (डीएनटी) के चेयरमैन एवं प्रदेश संगठन सचिव भीम सिंह महेशवाल व श्रीकांत योगी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। महेशवाल ने कहा कि अगर इस मामले में पीड़ितों को जल्दी न्याय नहीं मिला तो 22 अप्रैल को हिसार कांग्रेस भवन में डीएनटी कांग्रेस की एक प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें हरियाणा विमुक्त घुमंतू अर्ध जातियों के लोग सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्र होकर भाजपा सरकार में रोज हो रहें अत्याचारों के खिलाफ रणनीति बनाएंगे।

### 36 घंटे बाद बच्ची ने चाय ब्रेड खाई

परिजनों ने बताया कि बच्ची ने 36 घंटे बाद आज सुबह एक चाय के साथ कुछ ब्रेड खाई थी। जिसके बाद हमारे दिल को कुछ सुकून मिला। बच्ची को देखते है तो हमारा कुछ खाने का मन नहीं होता है। 20 साल से हम रह रहे थे। आज तक इस प्रकार की घिनौनी हरकत किसी के साथ नहीं हुई। उन्होंने बताया कि बच्ची के साथ हैवानियत करने वाले को हमने ढूंढने की कोशिश की थी। मिल जाता तो उसे जिंदा नहीं छोड़ते। मजदूरी कर भले ही गुजारा करते हैं परंतु घर की आबरू के साथ कोई ऐसा करे तो उसे हम नहीं छोड़ते।

## बच्ची को इंसाफ दिलाने के लिए एकजुट हुए ग्रामीण

संवाद सहयोगी, नारनौंद : उपमंडल के एक गांव में आठ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को दो दिन बीत गए, लेकिन अभी तक पुलिस आरोपित को नहीं पकड़ सकी। बच्ची के परिजन भी सदमे में हैं और नागरिक अस्पताल में उनकी काउंसिलिंग विशेष चिकित्सकों की देखरेख में हो रही है। वहीं, बच्ची को इंसाफ दिलाने के लिए ग्रामीण एकजुट हो गए हैं। साथ ही कई नेता और समाजसेवी संगठनों के सदस्यों ने पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। सभी ने कहा कि अगर जल्द ही पुलिस आरोपित को गिरफ्तार नहीं करती है तो धरना शुरू करेंगे।

घटना को बीते 48 घंटे से ज्यादा समय बीत चुका है। लेकिन पुलिस इस मामले के आरोपियों तक पहुंचने में नाकाम रही। पुलिस ने घटना स्थल से बच्ची के कुछ कपड़े भी बरामद किए हैं। घटना के बाद से ही पूरे गांव में खामोशी छाई है। लोग अपने छोटे बच्चों को घर से बाहर भेजने से डर रहे हैं। गलियों में चर्चा है कि अपराधियों के हौसले इस कदर बढ़े हैं कि अब छोटे बच्चे भी सुरक्षित नहीं हैं। इस प्रकार के घिनौनी हरकत करने वालों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। ग्रामीणों ने आरोपित की अपने स्तर पर भी खोजबीन शुरू कर दी है। पुलिस की साइबर सैल शाखा इस मामले में गहनता से जांच करने में जुटी है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव के लोगों ने इकट्ठा होकर पुलिस को हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि यह एक समुदाय की बेटी नहीं है। यह पूरे गांव की बेटी है। बेटी को इंसाफ दिलवाने के लिए पूरा गांव परिवार के साथ है।

### पुलिस दिन भर करती रही पूछताछ

पीड़ित परिवार के सदस्यों से दिन भर पूछताछ करती रही। पुलिस अधिकारी बार बार बच्ची व आरोपित को लेकर सवाल-जवाब करते रहे। पीड़ित के परिजनों ने मांग की कि बच्ची के साथ घिनौनी हरकत करने वाले को सख्त से सख्त सजा दी जाए।

**खेतों में कट रही थी गेहूं की फसल, सड़क किनारे दर्द से कराह रही थी मासूम :** बच्ची के पिता ने बताया कि मुझे मानसिक रूप से कुछ परेशानी है। इस कारण मैं बुधवार रात को दवाई लेकर सोया हुआ था। बच्ची भी साथ ही खाट पर सोई हुई थी। रात के 11 बजे के करीब अचानक बच्ची के रोने की आवाज मेरे छोटे भाई को सुनाई दी। भाई बच्ची की आवाज के साथ उसकी ओर गया तो देखकर दंग रहा गया। बच्ची के कपड़े फटे हुए थे और वह सड़क किनारे पड़ी हुई थी। भाई ने आवाज लगाई तो में भी उसके पास भागकर गया। वहां के हालात देखकर पैरो तले से जमीन खिसक गई। हमने पहले आस पास उस दरिंदे को पांच से दस मिनट तक तलाश परंतु वह नहीं मिला। उसके बाद बच्ची को नारनौंद के सरकारी अस्पताल में लेकर गए।



> बच्ची की काउंसिलिंग की थी। बच्ची का स्वभाव हादसे के बाद चिड़चिड़ा बना हुआ है। धीरे-धीरे बच्ची की मनोस्थिति ठीक होगी। उसके बाद ही बच्ची कुछ बता पाएगी।
>
> **डा. विनोद डुडी,** मनोचिकित्सक, नागरिक अस्पताल।

> इस प्रकार की कोई घटना मेरी जानकारी में नहीं है। बच्ची के इलाज में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। अगर किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलती है तो संबंधित कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **जितेंद्र कुमार,** सीएमओ नागरिक अस्पताल।

## 20 रुपये का लालच दे गलत नीयत से बच्चे को ले जाने वाला काबू

संवाद सहयोगी, मंडी आदमपुर : : गांव चूली बागड़ियान में गलत काम की नियत से नाबालिग युवक को घर से बहला-फूसलाकर ले जाने के आरोप में पुलिस ने आरोपित को नामजद किया है। पुलिस को दी शिकायत में नाबालिग के पिता ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को करीब तीन बजे वे घर पर सो रहे थे। इस दौरान पड़ोसी सुंदर आया हुआ था।

10-15 मिनट बाद देखा की उसका सबसे छोटा बेटा गायब है। बाहर खेल रहे बच्चों ने बताया कि सुंदर दादा युवक को अपने साथ ले गए हैं। जब वह सुंदर के घर गया तो अंदर से दरवाजा बंद किया हुआ। जब उसने आवाज दी तो काफी देर बाद दरवाजा खोला तो सुंदर ने लड़के को चारपाई के नीचे छुपा दिया। बाद में देखा कि लड़का चारपाई के नीचे छुपा हुआ था। लड़के ने बताया कि दादा सुंदर उसे 20 रुपये का लालच देकर गलत काम करने की नीयत से अपने घर ले आया था। एएसआइ महनपाल ने बताया कि पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धारा 342, 363 व पोक्सो एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## गर्भवती को नहीं मिली एंबुलेंस, निजी वाहन में लाए नागरिक अस्पताल

जागरण संवाददाता, हिसार : नागरिक अस्पताल अपने नित नए कारनामों के कारण सुर्खियों में रहता है। शुक्रवार तड़के सेक्टर 1-4 निवासी इंद्रजीत सिंह की गर्भवती विकलांग पत्नी परमजीत कौर को तड़के डिलीवरी के लिए एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हुई। परिजनों ने एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108 पर 24 से 25 बार फोन किया। आखिरकार पड़ोसी अनिल कुंडू ने दया कर अपनी खुद की गाड़ी से गर्भवती और परिजनों को सिविल अस्पताल में पहुंचाया।

इसके बाद करीब 11 बजे महिला ने अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में बच्चे को जन्म दिया। सेक्टर 1-4 निवासी सुरेंद्र कौर ने बताया कि पुत्रवधू परमजीत कौर को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर उन्होंने सुबह चार और पांच बजे के बीच 108 नंबर पर फोन किए। मगर किसी ने फोन नहीं उठाया।

आखिरकार पड़ोसी अनिल कुंडू से फोन पर बात की तो उन्होंने पर्सनल गाड़ी से पुत्रवधू को सिविल अस्पताल में पहुंचाया। वहां से उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया गया। सिविल अस्पताल से सरकारी एंबुलेंस में परमजीत कौर को अग्रोहा भेजा गया। गर्भवती ने वहां 11 बजे लड़के को जन्म दिया। इस बारे में अस्पताल प्रशासन कुछ भी बोलने से बच रहा है।

**एक नजर**

### लाडवा के पास सड़क हादसे में युवक की मौत

हिसार : लाडवा गांव के पास बृहस्पतिवार देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार सुलतानपुर वासी बिजेंद्र की मौत हो गई। जबकि उसका साथी अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका शहर के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को पोस्टमार्टम करवाया और शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं परिजनों के बयानों के आधार पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृत के परिजनों ने बताया कि बिजेंद्र गांव सुल्तानपुर का रहने वाला था और दूध का काम करता था। बृहस्पतिवार रात को वह अपने दोस्त अभिषेक के साथ मोटरसाइकिल लेकर सुल्तानपुर से लाडवा किसी काम से जा रहा था। इस दौरान लाडवा गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। (जासं)

आपके पास कोई सूचना है या आप कुछ कहना चाहते हैं तो वाट्सएप करें।
9468419787

दैनिक जागरण
आवश्यक सूचना
सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि यदि आपको आपका प्रिय समाचार पत्र दैनिक जागरण मिलने में कोई असुविधा हो रही है या आप अपनी नई प्रति बुक करवाना चाहते हैं तो कृपया ☎01662-398400 पर सम्पर्क करें। समय :- 11 बजे से 5 बजे तक।
प्रसार व्यवस्थापक

**अपराध** | सेक्टर 14 निवासी खुशबू से एक लाख रुपये ऐंठे, पिता ने दी कराई ट्रैवल एजेंसी के खिलाफ एफआइआर

# नेशनल कराटे खिलाड़ी के साथ धोखाधड़ी

जागरण संवाददाता, हिसार : सेक्टर-14 निवासी कराटे की नेशनल खिलाड़ी रह चुकी खुशबू से एक लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस मामले की शिकायत खुशबू के पिता ईएचसी सतपाल सिंह ने पुलिस को दी है। पिता सतपाल ने बताया कि खुशबू को अक्टूबर 2017 में खेलने के लिए स्पेन जाना था। इसके लिए खुशबू ने वीजा के लिए 28 अगस्त व 8 सितंबर को पचास-पचास हजार रुपये चिपएस कार्ट टिकट के आइसीआइसीआइ बैंक शाखा सेक्टर-14 में खाते में पैसे जमा करवाए थे। जोकि ट्रेवल एजेंसी में काम करने वाली गुरुग्राम निवासी शिक्षा ने निकलवा लिए।

शिखा ने खुशबू का न तो वीजा बनवाया और न ही वापस पैसे लौटाए। जब खुशबू ने पैसे मांगे तो शिखा ने पचास-पचास हजार के दो चेक दे दिए, लेकिन जब बैंक में पता किया तो खाते में पैसे ही नहीं थे। उसके बाद जब खुशबू ने शिखा से फोन पर संपर्क किया तो बोली मेरे खिलाफ कोई कार्रवाई मत करना। मैं तुम्हारे पैसे किस्तों में लौटा दूंगी। इस दौरान शिखा ने कहा कि तुम अपना खाता नंबर दे दो। लेकिन शिखा ने कोई पैसा जमा नहीं कराया। इसके बाद शिखा से फोन पर संपर्क किया तो कहने लगी कृप्या आप अदालत मे मेरे खिलाफ कोई कार्रवाई न करें। मैं धीरे-धीरे किस्तों में पैसा लौटा दूंगी। आप अपना खाता नंबर दे दो, लेकिन शिखा ने कोई पैसा जमा न कराया। वहीं जब शिखा के परिवार वालों से बातचीत की गई तो शिखा के जेठ और ससुर अशोक अरोड़ा ने लिखित में दिया कि हम 15 दिन बाद आपके खाते में बीस-बीस हजार रुपये किस्तों में जमा करा देंगे।



> इस मामले की शिकायत हमारे पास आई है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। जो भी मामला निकलकर सामने आएगा, उसकी के अनुसार कार्रवाई करेंगे।
>
> **विरेंद्र,** आइओ।

### 6 माह पहले कैमरी में बुजुर्ग की हत्या कर जेवरात व मोबाइल चुराने का आरोपित गिरफ्तार

जासं,हिसार : गांव कैमरी में छह महीने पहले बुजुर्ग महिला की हत्या कर जेवरात व मोबाइल चुराने मामले के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित संगरूर के गांव लहराणा वासी श्रवण कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को शुक्रवार को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को एक दिन के रिमांड पर भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव कैमरी में बुजुर्ग दंपति तारामणि व कृष्ण कुमार अकेले रहते थे। कृष्ण कुमार लकवा की बीमारी से ग्रस्त था। 31 अक्टूबर की रात को किसी व्यक्ति ने तारामणि की हत्या करके उसके कानों की बालियां, अंगूठी व मोबाइल चुरा लिया था। पुलिस ने छह महीने के अथक प्रयास से मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपित श्रवण वासी लहरागगा, संगरूर पंजाब को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। आरोपित श्रवण ने बताया कि मेरी बहन की शादी गांव कैमरी में हुई है। 31 अक्टूबर को बहन के पास आया था। बुजुर्ग दंपति को घर में अकेला पाकर बुजुर्ग महिला की हत्या कर उसकी कानों की बालियां, अंगूठी व मोबाइल ले गया था। श्रवण ने बताया कि मैंने चोरी के मोबाइल को कुछ समय तक बंद रखा। मैंने बाद में उसमें अपना सिम डालकर चलाना शुरू कर दिया।

### 24 घंटे से कम समय में पकड़ा गया चोर

जासं, हिसार : गांव खरड़ अलीपुर में बृहस्पतिवार को एक मकान का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी चुराने वाले चोर को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने टिब्बा दानाशेर निवासी कमल को चोरी के मामले में काबू किया है।

पुलिस को दी शिकायत में गांव खरड अलीपुर निवासी मुकेश कुमार ने कहा था कि बृहस्पतिवार को घर के सभी सदस्य गेहूं की कटाई करने के लिए खेत में गए हुए थे। जब शाम को सभी लोग वापस लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर से नकदी व जेवरात चोरी हुए थे और पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दूसरी जगह पर चोरी की फिराक में घूम रहे टिब्बा दानाशेर निवासी कमल जो हाल में मॉडल टाउन मे रहता है। उसके गिरफ्तार कर लिया। कमल ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसने एक मकान से जेवरात व नकदी चुराई थी। आरोपित को अदालत ने एक दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया।

## इंजन में फंसी अर्थिंग की पत्ती, एक घंटे देरी से चल सकी हिसार-धुरी रेलगाड़ी

संवाद सहयोगी, हिसार : रेलवे स्टेशन पर इंजन में फंसी अर्थिंग की पती के कारण बड़ा हादसा होते-होते टल गया। हिसार से शाम 6 बजकर 10 मिनट पर धुरी के लिए चलने वाली ट्रेन जब हिसार पहुंची तो यहां रेलवे लाइन के पास लगी अर्थिंग पत्ती इंजन में फंस गई। सूचना मिलते ही मौके पर कर्मचारी पहुंचे और अर्थिंग पत्ती को इंजन से बाहर निकाला। ऐसे में यह ट्रेन हिसार से एक घंटे की देरी से धुरी के लिए रवाना हुई। वहीं काफी कड़ी मशक्कत के बाद इंजन से पत्ती बाहर निकाली गई।

हिसार से उकलाना जा रहे यात्री संदीप कुमार ने बताया कि शाम को ट्रेन साढ़े पांच बजे हिसार पहुंची थी। हिसार पहुंचते ही अचानक इंजन में अर्थिंग की पत्ती फंस गई। ऐसे में करीब पौने घंटे बाद इंजन से पत्ती को बाहर निकाला गया। वहीं समय पर ट्रेन नहीं चलने के कारण यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। काफी यात्रियों ने ट्रेन का इंतजार कर निजी वाहनों का सहारा लिया।



रेलवे स्टेशन पर इंजन में फंसी अर्थिंग की पत्ती के कारण खड़ी ट्रेन।

> आर्थिंग पत्ती बाहर निकली हुई थी। इसके चलते इंजन में फंस गई। इंजन से पत्ती को निकलवा कर ट्रेन का रवाना कर दिया।
>
> **महेंद्रपाल चुघ,** स्टेशन अधीक्षक।